# जबलपुर में अब हो सकेगी अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं

## मुख्यमंत्री आज रांझी स्टेडियम का लोकार्पण कर देंगे जबलपुर को सौगात





**हरिभूमि, जबलपुर। खेलो इंडिया अभियान के अतंर्गत केंद्र व राज्य सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधायें देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी प्रतिबद्धता का परिणाम है कि जबलपुर में आज अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए उपयुक्त और सर्वसुविधायुक्त अत्याधुनिक 26 करोड़ 80 हजार रुपए लागत से बनाए गए रांझी में स्टेडियम की सौगात मिलने जा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव बुधवार 19 फरवरी को जबलपुर के अपने प्रस्तावित प्रवास के दौरान संस्कारधानी वासियों को रॉंझी खेल परिसर का लोकार्पण करेंगे। इस स्टेडियम के लिए केंट क्षेत्र के विधायक अशोक रोहाणी भी लगातार प्रयासरत रहे और रांझी इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे 12.7 एकड़ क्षेत्र में इस स्टेडियम के निर्माण के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया। उनके प्रयासों से केंद्र व राज्य सरकार ने रांझी में स्टेडियम स्वीकृत किया और फंड उपलब्ध कराया।**

### आठ लेन सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रेक बना

नवनिर्मित रॉंझी खेल परिसर में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की ट्रेक एंड फील्ड स्पर्धाएं आयोजित की जा सकेंगी। यहाँ 400 मीटर का आठ लेन सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रेक बनाया गया है। इस ट्रैक को वर्ल्ड एथेलेटिक फेडरेशन द्वारा मान्यता प्रदान की गई है। अकेले सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रेक के निर्माण पर ही 6 करोड़ 95 लाख रुपये खर्च किये गये हैं। सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रैक को चेन लिंक फेंसिंग से कव्हर किया गया है और पाथ वे भी बनाया गया है।

### तीरंदाजी और फुटबॉल के लिए आर्चरी एरिना का निर्माण

रॉंझी खेल परिसर में 6 हजार 250 वर्ग मीटर क्षेत्र में आर्चरी एरिना भी बनाया गया है। इसमें 50 और 70 मीटर की तीरंदाजी की स्पर्धाएं हो सकेंगी। फुटबॉल की प्रतियोगिता भी इस खेल परिसर में आयोजित की जा सकेंगी।

### खिलाड़ियों की सुविधाओं का भी विशेष ध्यान

रॉंझी खेल परिसर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं के साथ-साथ खिलाड़ियों की सुविधाओं का भी विशेष ध्यान दिया गया है। खेल परिसर में खेलों इंडिया योजना के अंतर्गत 19 करोड़ 85 लाख रुपये की लागत से तकनीकी भवन, हॉस्टल भवन और मय स्पेक्टेटर्स गैलरी के पवेलियन का निर्माण किया गया हैं। आर्चरी एरिना भी इसमें शामिल है।

### 3 मंजिला तकनीकी भवन में अनेक सुविधाएं

खेल परिसर में 1 हजार 835 वर्गमीटर क्षेत्र में बनाये गये तीन मंजिला तकनीकी भवन में लड़के-लड़कियों के लिए प्लेयर कक्ष, फिजियो कक्ष, कोच कक्ष, मीटिंग हॉल, क्लास रूम, जिम, लाइब्रेरी और आफिस कक्ष का निर्माण किया गया है। ये सभी कक्ष वातानुकूलित होंगे। खेल परिसर में 2 हजार 384 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बने 74 बिस्तरों के हॉस्टल भवन में चौबीस शयन कक्ष बनाये गये हैं। इनमें बारह कक्ष महिला एवं बारह कक्ष पुरुष खिलाड़ियों के लिए हैं ।अटैच टॉयलेट युक्त इन सभी कक्षों में एसी लगाए गए हैं। हॉस्टल भवन में डाइनिंग हॉल, किचन और कॉमन रूम भी हैं। तकनीकी और हॉस्टल भवन के इसके अतिरिक्त 560 क्षमता की स्पेक्टर्स गैलरी का पवेलियन के साथ निर्माण किया गया है। इसके भूतल पर ऑफिस, प्लेयर लॉबी, मीडिया लाउंज एवं महिला-पुरुषों के लिए प्रसाधन बनाए गए हैं। खेल परिसर में 380 मीटर की सीमेंट कांक्रीट रोड, पार्किंग, संपवैल सहित पम्प हाऊस और गॉर्डरूम का निर्माण किया गया है। सीसीटीव्ही केमरा व स्ट्रीट लाइट भी यहाँ लगाये गये हैं।

### 2 करोड़ का जिम हॉल भी

रॉंझी खेल परिसर में लगभग 1 करोड़ रुपये के फर्नीचर की व्यवस्था भी की गई है। इसमें ऑफिस कक्षों के लिए टेबल, कुर्सियां, सोफा, हॉस्टल भवन के लिये बिस्तर, अलमारी, स्टडी टेबल, डाइनिंग टेबल आदि शामिल हैं। खेल परिसर में एक जिम हॉल भी बनाया गया है। जिम हॉल में ही 2.5 करोड़ रुपये के वेट ट्रेनिंग के उपकरण लगाये गये हैं।

### सिंथेटिक ट्रैक पर दौड़ेंगे धावक

खेल परिसर के 400 मीटर के 8 लेन वाले सिंथेटिक ट्रैक के प्रत्येक लेन की चौड़ाई 1.22 मीटर है। इस ट्रैक पर 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर स्प्रिंट, 110 एवं 400 मीटर बाधा दौड़, 4 गुना 100 एवं 4 गुना 400 मीटर रिले रेस, मध्यम दूरी और लंबी दूरी की स्टीपल चेज, 20 किलोमीटर और 50 किलोमीटर की रेस वॉक हो सकेंगीं। हाई जंप, लांग जंप, ट्रिपल जंप एवं पोल वॉल्ट तथा भाला, डिस्कस और हैमर एवं शॉट पुट की स्पर्धाएं, हेप्टाथलॉन एवं डेकाथलॉन जैसी स्पर्धाएं तथा फुटबॉल की प्रतियोगिताएं हो सकेंगी।

---

## जिले में दस्तक अभियान का द्वितीय चरण प्रारंभ

# घर-घर जाकर पांच वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य का होगा सर्वे

**जबलपुर। जिले में पांच वर्ष की उम्र तक के बच्चों में बाल्यकालीन बीमारियों की पहचान और उनके निदान के उद्देश्य को लेकर करीब एक माह तक चलाए जाने वाले दस्तक अभियान के द्वितीय चरण का आज शुभारंभ हुआ। अभियान के तहत स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्त्ताओं द्वारा घर-घर दस्तक देकर अभिभावकों से बच्चों को होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी ली जाएगी तथा गंभीर रोगों, शारीरिक व्याधियों से ग्रसित पाये गये बच्चों के उपचार के त्वरित प्रबंध किये जायेंगे।**


जिले में दस्तक अभियान के द्वितीय चरण का विधिवत शुभारंभ आज मंगलवार को रानी दुर्गावती चिकित्सालय एल्गिन में आयोजित जिलास्तरीय कार्यक्रम में क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवा डॉ संजय मिश्रा ने बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाकर किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ संजय मिश्रा ने बताया कि दस्तक अभियान का द्वितीय चरण 18 फरवरी से 18 मार्च तक आयोजित किया का रहा है। इस अवधि में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा 9 माह से 5 वर्ष की आयु के बच्चों का विटामिन-ए अनुपूरण, 6 माह से 5 वर्ष तक की आयु के चिन्हांकित एनीमिक बच्चों की डिजिटल हीमोग्लोबिनो मीटर द्वारा फालोअप जांच एवं प्रबंधन किया जाएगा। द्वितीय चरण में दस्तक अभियान के प्रथम चरण में चिन्हित किए गए एनीमिक बच्चों की भी डिजिटल हीमोग्लोबिनो मीटर के माध्यम से एनीमिया की जांच की जाएगी और फॉलोअप लिया जायेगा।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ विनोद गुप्ता ने बताया कि जिले के समस्त उप स्वास्थ्य केन्द्रों एवं शहरी स्वास्थ्य केंद्रों में मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलायी जायेगी। जिले के शहरी एवं ग्रामीण अंचल में घर-घर जाकर दस्तक अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया जा रहा है।

कार्यक्रम में रानी दुर्गावती चिकित्सालय की अधीक्षक डॉ नीता पाराशर, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ ममता गुप्ता, आरएमओ डॉ तुषार गुप्ता, जिला मीडिया अधिकारी अजय कुरील, डीपीएम विजय पाण्डेय, संभागीय समन्वयक निहार दीवान, यूएनडीपी पीओ अतुल करकरे, संभागीय सलाहकार योगेश सराठे, यूनिसेफ संभागीय समन्वयक सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, पोषण सलाहकार अंजली दीवान एवं रविशंकर कोष्टा उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में आये 133 आवेदन

**जबलपुर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज अपर कलेक्टर श्री नाथूराम गोंड, एसडीएम जबलपुर श्री अभिषेक सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री पुष्पेन्द्र अहके, श्रीमती शिवाली सिंह व गोरखपुर एसडीएम श्री पंकज मिश्रा को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 133 आवेदन दिये। जिसमें 93 नये आवेदन हैं तथा 40 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर अवैध कब्जा हटाने, आर्थिक सहायता, छात्रवृत्ति भुगतान, बंटवारा, सीमांकन, लड़ाई-झगड़ा, ड्रोन सर्वे में छूटे गये नाम जोड़ने में, संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह राशि भुगतान करने, पीएम किसान योजना में नाम जोड़ने, अभिलेख दुरूस्त करने, किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, शिक्षा, समग्र आईडी, चिकित्सा सहायता, पेंशन, संबल राशि दिलाने, आवास योजना का लाभ दिलाने, बीपीएल कार्ड बनवाने आदि से संबंधित आवेदन थे। अपर कलेक्टर श्री गोंड ने पुराने 25 आवेदनों की अलग से सुनवाई की जिसमें मुख्य रूप से रास्ता खुलवाने, नक्शा बटांकन, नामांतरण, किसान फसल ऋण माफी योजना, ग्रेजुएटी राशि दिलाने, अतिक्रमण व नालियों की सफाई, पेंशन भुगतान, नक्शा सुधार, अवैध कब्जा हटाने, पीएम किसान की राशि दिलाने, बिजली कनेक्शन दिलाने आदि आवेदन शामिल थे।




## मप्र हाई कोर्ट बार से मिले संस्कार न्यायपालिका में बनेंगे दिशा-दर्शक

**अभिनंदन समारोह में बोले नव नियुक्त न्यायमूर्ति आशीष श्रोती**

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के नव नियुक्त न्यायमूर्ति आशीष श्रोती ने कहा कि मध्य प्रदेश हाई कोर्ट बार से मिले संस्कार न्यायपालिका में दिशा-दर्शक बनेंगे। वे अपने सम्मान में हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के सिल्वर जुबली आदर्श सभागार में आयोजित अभिनंदन समारोह में कृतज्ञता ज्ञापित कर रहे थे। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत, प्रशासनिक न्यायाधीश संजीव सचदेवा, एमपी स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी, डिप्टी सालिसिटर जनरल पुष्पेंद्र यादव, हाई कोर्ट बार अध्यक्ष धन्य कुमार जैन, सचिव परितोष त्रिवेदी, हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अग्रवाल, जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा व एडिशनल एडवोकेट जनरल हरप्रीत सिंह रूपराह मंचासीन थे। कार्यक्रम का संचालन हाई कोर्ट बार के सचिव परितोष त्रिवेदी ने किया। जबकि आभार प्रदर्शन संयुक्त सचिव योगेश सोनी ने किया। अधिवक्ता हितों का रखेंगे पूरा ध्यान : मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत ने हाई कोर्ट बार के एक सदस्य के न्यायमूर्ति की आसंदी तक पहुंचने पर बार को बधाई दी। साथ ही भरोसा दिलाया कि अधिवक्ताओं की सुविधाओं व हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण करके आया हूं। कमियां शीघ्र दूर करूंगा। नवीन हाई कोर्ट कैंपस में बार सभागार सहित बैठक व्यवस्था आदि को लेकर सभी अपेक्षित अनुमतियां प्राप्त कर ली गई हैं।

---

# असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर नियमितिकरण की मांग पर सुनवाई 20 को

## लंबे समय से कार्यरत अतिथि विद्वानों से जुड़ा मामला

जबलपुर।

हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली युगलपीठ ने लंबे समय से कार्यरत अतिथि विद्वानों के असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में नियमितिकरण की मांग पर सुनवाई 20 फरवरी को नियत कर दी है। अतिथि विद्वानों की ओर से अधिवक्ता रवींद्र कुमार गुप्ता पक्ष रखेंगे। उन्होंने अवगत कराया कि याचिकाकर्ता अतिथि विद्वानों के पास असिस्टेंट प्रोफेसर पद के अनुरूप आवश्यक योग्यताएं, व्यापक अनुभव व शिक्षण कौशल है। वे पीएचडी डिग्रीधारक भी हैं। 29 वर्ष से गैस्ट फैकल्टी बतौर निरंतर सेवा देते चले आ रहे हैं। लिहाजा, वे मप्र के शासकीय महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में नियमितिकरण के हकदार हैं। उनकी मांग को गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

### लंबे समय तक रिक्तियां घोषित नहीं हुई :

अधिवक्ता गुप्ता ने अवगत कराया कि 1992 से 2017 तक एमपी-पीएससी द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर



सामान्य वर्ग के लिए कोई रिक्ति घोषित नहीं की गई थी। 2017 में हाई कोर्ट के हस्तक्षेप से पीएससी परीक्षा में शामिल होने की अनुमति मिली थी। 2017 के बाद 2023 तक एमपी-पीएससी द्वारा कोई रिक्ति घोषित नहीं की गई। बहरहाल, गैस्ट फैकल्टी लंबे अध्यापन अनुभव के आधार पर नियमितिकरण का सम्मान चाहते हैं। उन्हें समान वेतन की दरकार है। वे चाहते हैं कि असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए अलग से आवेदन न करना पड़े। वे अपनी वर्तमान सेवा 65 वर्ष की आयु तक जारी रख सकें। इसी मंशा से हाई कोर्ट आए हैं।

## हाईटेक गौशाला का आज भूमि पूजन करेंगे मुख्यमंत्री

**जबलपुर।** आवारा पशुओं की समस्या के समाधान के लिए एक बड़ी पहल की जा रही है। उमरिया ग्राम में 53 एकड़ से अधिक भूमि पर एक अत्याधुनिक गौशाला का निर्माण किया जा रहा है, जिसका भूमि पूजन प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 19 फरवरी को करेंगे।महापौर जगत बहादुस सिंह अन्नू ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना की लागत 10 करोड़ रुपए है। गौशाला में कुल 10 हजार गौवंश को रखने की व्यवस्था की जाएगी। वर्तमान में यहां पर तीन हजार गौवंश मौजूद हैं। गत दिवस महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू और निगम आयुक्त प्रीति यादव सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के अनुसार, इस गौशाला के निर्माण से शहर की सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं को सुरक्षित आश्रय मिलेगा और इससे राहगीरों को भी राहत मिलेगी।

## मुख्य सचिव अनुराग जैन ने प्रयागराज महाकुंभ को देखते हुए अधिकारियों को दिये निर्देश

# प्रदेश में रेलवे-सड़क मार्गों से जुड़ी सभी एजेंसी समन्वय बनाकर बेहतर व्यवस्था रखें

जबलपुर।

मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने मंगलवार को मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस से प्रदेश में रेलवे-सड़क मार्गों से जुड़ी सभी एजेंसियों को समन्वय बनाकर यातायात व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री जे.एन. कंसोटिया, सचिव गृह श्री गौरव राजपूत और परिवहन सचिव श्री मनीष सिंह मौजूद थे। मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रेलवे, कमिश्नर, पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों से जिलों में की गयी व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

### सेंट्रल कंट्रोल-रूम की हो व्यवस्था

मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि आगामी दिनों में महाशिवरात्रि को देखते हुए प्रयागराज से जुड़े मार्गों पर भीड़ का दबाव बना रहेगा। उन्होंने कहा कि व्यवस्था से जुड़ी एजेंसियों के बीच समन्वय के लिये सेंट्रल कंट्रोल-रूम की व्यवस्था हो, जहाँ महत्वपूर्ण सूचनाओं का आदान-प्रदान हो सके। उन्होंने कहा कि भीड़ और यातायात प्रबंधन के लिये पुलिस और रेलवे फोर्स के साथ वॉलेंटियर्स का सहयोग लिया जाये। उन्होंने भीड़ के दबाव को कम करने के लिये जिलों में की गयी होल्डिंग सेंटर की व्यवस्था की जानकारी ली।

### बेरीकेड्स की व्यवस्था

मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि रेलवे स्टेशनों के पास बेरीकेड्स लगाकर व्यवस्था की जाये। उन्होंने रेलवे अधिकारियों से कहा कि रेलवे स्टेशनों पर ट्रेन की क्षमता के अनुसार यात्रियों का प्रवेश सुनिश्चित हो। रेलवे स्टेशनों में यात्रियों की सुविधा के लिये ऐनाउंसमेंट की स्पष्ट सुविधा हो। स्टेशन प्लेटफार्म पर यात्रियों के खान-पान के साथ सुलभ सुविधा की व्यवस्था हो। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रेलवे स्टेशनों में यात्रा टिकिट या प्लेटफार्म टिकिट के बाद ही यात्रियों को प्रवेश दिये जाने की व्यवस्था की गयी है।

### सड़क मार्ग पर रखें सतत निगरानी

मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि सड़क मार्ग पर यातायात के दबाव पर सतत निगरानी रखी जाये। होल्डिंग सेंटर पर यात्रियों की सुविधा के लिये स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ मिलकर खान-पान की व्यवस्था के साथ अन्य आवश्यक व्यवस्था हो। उन्होंने प्रदेश की सड़कों के ब्लैक-स्पॉट पर आवश्यक निर्देश और रोशनी की व्यवस्था पर भी जोर दिया। मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि वाहनों को सावधानी के साथ चलने और वैकल्पिक ड्रायवर की व्यवस्था रखने के लिये भी कहा जाये।

### पुलिस व्यवस्था की जानकारी

पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना ने बताया कि पुलिस अधीक्षकों को लगातार निर्देश दिये जा रहे हैं। बैठक में आपात की स्थिति में स्वास्थ्य, अग्नि-शमन से जुड़ी व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गयी।

समिति ने कहा सिहोरा आएं मुख्यमंत्री मोहन यादव

# सिहोरा को जिला बनाने वाले भाजपा के वादे को कब पूरा करेंगे मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज सिहोरा।

प्रहलाद पटेल, स्मृति ईरानी, शिवराज सिंह चौहान और इन दिग्गज नेताओं के वादे से विधायक बने संतोष बरकड़े के विधानसभा चुनाव के पूर्व किए वादे को मुख्यमंत्री मोहन यादव कब पूरा करेंगे इसका इंतजार प्रत्येक सिहोरा वासी कर रहा है। विदित हो कि विधानसभा चुनाव के पूर्व इन सारे नेताओं ने सिहोरा को जिला बनाने का सार्वजनिक मंचों से वादा किया था। सिहोरा वासियों ने कहा कि मुख्यमंत्री कब सिहोरा को जिला बनाने वाले भाजपा के वादे को कब पूरा करेंगे।लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने आज मुख्यमंत्री के जबलपुर आगमन पर उनसे मिलने का समय मांगा है।




### कब कब भाजपा नेताओं ने किए वादे

1 - भाजपा की विकास यात्रा के दौरान तत्कालीन केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल के द्वारा दिनांक 08.09.2023 को सार्वजनिक सभा में सिहोरा को 21 वर्ष पूर्व ही जिला बन जाना था ऐसा विचार व्यक्त करते हुए सिहोरा जिले की मांग का समर्थन किया गया था। साथ ही वादा किया कि भारतीय जनता पार्टी इस मुद्दे पर गंभीर है और शीघ्र ही इस दिशा में कोई कदम उठाएगी ।

2- दिनांक 08 .11.2023 को विधानसभा चुनाव के सिहोरा के भाजपा प्रत्याशी संतोष बरकड़े द्वारा बाबा लाल मंदिर प्रांगण में हुई आमसभा में सिहोरा वासियों से समर्थन मांगते हुए वचन दिया गया कि सरकार बनते ही भारतीय जनता पार्टी सिहोरा को जिला बनाए जाने की दिशा में कार्य करेगी ।

3 - दिनांक 15 .11 .2023 विधानसभा चुनाव के ठीक पहले तत्कालीन केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी द्वारा पुराना बस स्टैंड सिहोरा में आयोजित आमसभा में सार्वजनिक रूप से भारतीय जनता पार्टी की ओर से सिहोरा वासियों से वादा किया गया कि आप भाजपा प्रत्याशी संतोष बरकड़े को जिताएं। जीतते ही सिहोरा को जिला बनाए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।उन्होंने स्वयं मुख्यमंत्री तक बात रखने का भी ठोस वचन दिया था लेकिन आज धरातल पर कुछ नहीं दिख रहा।

4- दिनांक 16.11.2023 को तत्कालीन मुख्यमंत्री माननीय शिवराज सिंह चौहान द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक जबलपुर के डॉक्टर जितेंद्र जामदार की मध्यस्थता में लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के सदस्यों से मोबाइल पर वार्ता की गई ।इस वार्ता में शिवराज सिंह चौहान ने भाजपा के प्रति विश्वास व्यक्त करने की अपील करते हुए विश्वास दिलाया था कि सत्ता में आते ही सिहोरा को जिला बनाया जाएगा । मुख्यमंत्री से आज जबलपुर में मांगा समय-आंदोलन समिति के मानस तिवारी,अनिल जैन,विकास दुबे,कृष्ण कुमार कुररिया,सुशील जैन,नवीन शुक्ला,संतोष पांडे,रामजी शुक्ला,राजभान मिश्रा,अमित बक्शी,आशीष तिवारी, नीतेश खरया आदि ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से आज जबलपुर आगमन पर मिलने का समय मांगा है। साथ ही मिलकर उन्हें सिहोरा आने का आमंत्रण भी देंगे।

# आवास योजना शिविर : आवेदन के लिए परेशान हो रहे नगरवासी

**मझौली।** नगर परिषद में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आवास योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन में पट्टा एवं रजिस्ट्री के लिए पूरे दिन नगर वासी नगर परिषद मझौली के चक्कर काटते रहे। शिविर का आयोजन करने नगर परिषद मझौली के द्वारा पूर्ण रूप से तैयारीयां नहीं की गई थी जिस कारण नगरवासी भटकते नजर आए। लोगों ने बताया कि कर्मचारियों कह रहे हमें नहीं पता बाहर जाकर ऑनलाइन आवेदन करें क्योंकि पोर्टल बंद है।




नगर परिषद मझौली आबादी भूमि में बसी हुई है। 75 प्रतिशत से अधिक लोगों के पास नगर परिषद में की मकान टैक्स रसीद के अलावा कुछ भी नहीं है। जबकि उनके पूर्वज डेढ़ सौ से 200 वर्षों से अधिक हो गाए उनको यहां पर रहते हुए। अब शासन के द्वारा आवास योजना का फायदा लेने के लिए पट्टा एवं रजिस्ट्री मांगी जा रही वह कहां से लाएं।

नगर परिषद मझौली के नगरवासीयों ने शासन प्रशासन से मांग की है कि या तो उनको पट्टा वितरित किया जाए, या तो उनको पहले जैसे आवास योजना का फायदा दिया जाए।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन आज से

**कटनी।** बसाहटों का भौतिक सत्यापन कर उन्हें बारहमासी संपर्कता सुनिश्चित कराने हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला पंचायत के सभाकक्ष में 19 फरवरी से 21 फरवरी तक दोनों पालियों में आयोजित किए जाने के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए हैं। जारी कैलेंडर के अनुसार 19 फरवरी को जनपद पंचायत कटनी एवं विजयराघवगढ़, 20 फरवरी को बड़वारा एवं ढीमरखेड़ा तथा 21 फरवरी को बहोरीबंद एवं रीठी के ग्राम रोजगार सहायकों और उपयंत्रियों को दोनों पालियों में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## ई-रिक्शा की बैटरी और स्टेपनी ले गए चोर

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत गत दोपहर पाटन बायपास में रोड किनारे खड़े ई-रिक्शा से अज्ञात चोर 4 बैटरी, कंट्रोलर, हेडलाईट, टर एवं स्टेपनी चोरी कर ले गये। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अमखेड़ा कुदवारी निवासी 36 वर्षीय धर्मेन्द्र गोस्वामी ने माढ़ोताल थाने में एक लिखित शिकायत की, कि वह ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेड एल 7587 वाहन अमन नगर निवासी वाहन मालिक अंकित चड़ार का किराए से ई रिक्शा चलाता है। गत 8 फरवरी को वह दोपहर कटंगी वायपास से पाटन वायपास आते समय ई रिक्शा में कुछ खराबी आ जाने से बंद हो गया था जो स्टार्ट नहीं हो रहा था तो उसने ई रिक्शा रोड के साईड मे खड़ी करके मिस्त्री को लेने के लिये पाटन वायपास तरफ आया था। दोपहर लगभग 2 बजे मिस्त्री को लेकर वापस आया तो देखा कि उसके ई रिक्शा में लगी हुयी 4 बैटरी, कंट्रोलर, हेडलाईट, टर एवं स्टपनी अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। पुलिस ने लिखित शिकायत पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## बहन की शादी में आई महिला के होटल के कमरे से जेवर चोरी

**जबलपुर।** ओमती थाना अतंर्गत दत्त रेसीडेंसी होटल में बहन की शादी में आई एक महिला के बैग में रखे सोने चांदी के जेवर होटल के कमरे से चोरी हो गए। सीसीटीव्ही फुटेज चैक करने पर कमरे की तरफ बहन का ड्रायवर सोनू और अली आते दिखे, लिहाजा चोरी का उन पर चोरी का संदेह गहरा रहा है। पुलिस ने 11 दिन बाद चोरी का मामला दर्ज किया है। ओमती पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार खुशीपुरा नवाबाद झांसी उत्तरप्रदेश निवासी 45 वर्षीय श्रीमति योगिता गहलोत गत 7 फरवरी को अपनी बहन की शादी में जबलपुर आई थी।

# पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त का वितरण 24 फरवरी को

हरिभूमि न्यूज कटनी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार, 24 फरवरी को बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त का वितरण करेंगे। इससे कटनी जिले के कृषक भी लाभान्वित होंगे। इस बार किस्त वितरण दिवस को किसान सम्मान समारोह के रूप में भी मनाया जाएगा। योजना के तहत हितग्राहियों को वर्ष में कुल 6 हजार रुपए की राशि तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है। आयुक्त भू अभिलेख के निर्देशानुसार जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर आयोजित समारोह में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने, बड़ी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम के प्रसारण तथा समस्त ग्राम पंचायतों में भी कार्यक्रम के लाइव टेलीकास्ट के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं।

योजना के तहत प्रत्येक पात्र किसान को 2,000 की राशि मिलेगी। यह राशि बीज, खाद और अन्य कृषि आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करेगी। योजना का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना और उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करना है।

इस योजना ने किसानों को कई तरह से लाभान्वित किया है। इसके तहत आर्थिक सहायता छोटे और सीमांत किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना। सीधा लाभ हस्तांतरण होनें के कारण पैसे सीधे बैंक खातों में ट्रांसफर किए जाते हैं, जिससे बिचौलियों का खतरा खत्म हो जाता है। यह राशि बीज, खाद और उपकरण खरीदने में मदद करती है जिससे कृषि उत्पादन में सुधार होता है। यह योजना किसानों को वित्तीय संकट से बचाने में सहायक है।

योजना के तहत आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए। केवल छोटे और सीमांत किसान ही पात्र हैं।सरकारी कर्मचारी, उच्च आय वाले व्यक्ति और पेंशन भोगी इस योजना के लिए पात्र नहीं हैं इसके अलावा वकील, डॉक्टर, इंजीनियर या अन्य पेशेवर भी इस योजना का लाभ नहीं उठा सकते। योजना का लाभ पाने के लिए आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण, भूमि रिकॉर्ड, मोबाइल नंबर, ई-केवाईसी प्रमाणपत्र, जरूरी है। ई-केवाईसी प्रक्रिया से केवल पात्र किसान को ही इस योजना का लाभ मिलता है यह प्रक्रिया ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से पूरी की जा सकती है।

एसपी एवं डीआईजी की उपस्थिति में हुई संयुक्त बैठक

# स्टेशनों में यात्रियों की भारी भीड़ को नियंत्रित करने चौकसी बढ़ाने निर्देश

हरिभूमि न्यूज कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन एवं डीआईजी रेल रजनीश कुमार त्रिपाठी ने स्टेशन अधीक्षक कार्यालय कटनी में पुलिस एवं रेल अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में जीआरपी पुलिस अधीक्षक जबलपुर व वरिष्ठ सेनानी मुनब्बर खान, सहायक सेनानी डीपी कुशवाहा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा, स्टेशन अधीक्षक संजय दुबे, थाना प्रभारी कोतवाली आशीष शर्मा, कमर्शियल इंस्पेक्टर संजय सिंह, जीआरपी थाना प्रभारी एवं आरपीएफ थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।



बैठक में महाकुंभ प्रयागराज में लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने एवं स्टेशनों में यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए रेलवे स्टेशन में चौकसी बढ़ाने के निर्देश दिए गए, कटनी और मुड़वारा रेलवे स्टेशन में महाकुंभ में स्नान के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं की भारी संख्या में भीड़ जमा हो रही है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा और उनकी सुविधा का जायजा लेने सभी अधिकारीगण कटनी मुख्य रेलवे स्टेशन एवं मुड़वारा रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां पर उन्होंने यात्रियों के लिए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किए गए इंतजामों के बारे में जानकारी ली।

पुलिस अधीक्षक कटनी ने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा की वे रेलवे स्टेशन में बनी पीली लाइन को क्रॉस न करें, रेल सेफ्टी से संबंधित नियमों का अनुपालन करें, जब तक कि ट्रेन रुक ना जाए, ट्रेन के दरवाजे ना खुल जाए भगदड़ न करें। साथ ही पुलिस अधीक्षक कटनी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीनियर ऑफिसर्स लगातार मौके पर विजिट करते रहे, रेल्वे कंट्रोल रूम के माध्यम से लगातार अनाउंसमेंट करते रहे, ट्रेन की जो सूचना है कि कौन सी ट्रेन, किस प्लेटफार्म पर आना है वह निश्चित है उसमें अंतिम क्षणों में कोई बदलाव न हो ताकि यात्रीगण परेशान न हों। हॉस्पिटल की टीम और फायर ब्रिगेड स्टेशन में उपलब्ध रखने हेतु निर्देशित किया गया।

# राज्य अल्पसंख्यक आयोग का गठन करने मुस्लिम विकास परिषद ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**जबलपुर।** विगत कई वर्षों से राज्य सरकार द्वारा मप्र अल्पसंख्यक आयोग का गठन नहीं किये जाने पर क्षुब्ध होकर मप्र मुस्लिम विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष एड. मो. माहिर खान के आह्वान पर मप्र के संपूर्ण जिलों के मुख्यालय में ज्ञापन दिए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में सोमवार को परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी के नेतृत्व में डिप्टी कलेक्टर नदीमा शीरी को मप्र के राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम आयोग गठन किये जाने की मांग वाला एक ज्ञापन दिया गया।



ज्ञापन में कहा गया कि कई वर्षों से मप्र में अल्पसंख्यक आयोग का गठन नहीं किया गया है, जिस कारण अल्पसंख्यक वर्ग को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है औऱ उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल रहा है।

ज्ञापन देते समय मुस्लिम विकास परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी, हाजी मुईन खान, शेख निजामी, अकबर उस्मानी, ताहिर खोकर, फैजान क़ुरैशी, अलीम मंसूरी, साजिद काजी, इरफान क़ुरैशी, बब्लू क़ुरैशी, अहमद रज़ा, एड.निसार अंसारी, गुलाम किबरिया, अशफाक आरिफ, डॉ. निसार अंसारी, मामूर गुड्डू, अब्दुल बाकी खान, हाशिम राजा, अशरफ शिराजी, मो. जावेद, मुख्तार अंसारी, मुज्जफर कुरैशी, इस्तियाक अंसारी आदि उपस्थिति की उल्लेखनीय रही।

कलेक्टर ने बरही में 76 आवेदकों की सुनी समस्यायें

# पंचायत से लेकर जिला स्तरीय जन सुनवाई में आवेदकों ने बताईं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने बरही तहसील प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में यहां दूरदराज से पहुंचे लोगों के 76 आवेदनों पर सुनवाई की और निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत और एसडीएम महेश मंडलोई सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहें।

कलेक्टर ने यहां पहुंचे हर आवेदक की समस्या को अपने समक्ष बैठाकरर बड़े धैर्य से सुना और उनको समस्याओं के निराकरण के प्रति आश्वस्त किया। कलेक्टर ने आवेदकों की भूमि से संबंधित मामलों में तहसीलदार को स्थल निरीक्षण करने के निर्देश भी दिये।

बरही में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे अस्थिबाधित दिव्यांग ग्राम करौंदीकला निवासी शिवप्रसाद पांडेय और नगर पंचायत बरही के वार्ड नंबर दो हड़तला टोला निवासी अशोक कुमार पटेल ने भी कलेक्टर श्री यादव से आने- जाने में सुविधा की दृष्टि से मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल दिलवाने का आग्रह किया।इस पर कलेक्टर श्री यादव ने उपसंचालक सामाजिक न्याय नयन सिंह को निर्देशित किया कि दोनों दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल दिलवायें।

जनसुनवाई में ग्राम खिरहनी निवासी कुंजबिहारी रजक ने बताया कि पिछले 10 माह से उनका बिजली मीटर खराब है। उन्होने सहायक अभियंता कैमोर को इस बावत आवेदन भी प्रस्तुत किया था। बावजूद इसके बिजली विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई और लगातार इनके द्वारा बढ़ा-चढ़ा कर एवरेज बिल दिया जा रहा है। इस आवेदन पर कलेक्टर ने अधीक्षण यंत्री एमपीईबी श्रीराम पाण्डेय को समुचित कार्यवाही के निर्देश देते हुए कहा कि वे स्वयं इस मामले की टीएल में समीक्षा करेंगें।

### अधिकारियों को प्रकरणों के निराकरण के दिए निर्देश

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान जिले के दूर- दराज से पहुंचे लोगों के आवेदनों पर धैर्यपूर्वक सुनवाई करते हुए अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते सहित उपस्थित अधिकारियों की जाकर समस्याओं एवं शिकायतों का समय- सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। किया गया। कार्यालय कलेक्टर में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान 114 आवेदनों पर सुनवाई की गई।

छात्रा अनुष्का सिंह को प्रथम स्थान

# प्रतियोगिता में कालेज की छात्राओं ने अपने हाथों में सजाई शानदार मेहंदी



**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नाकोत्तर महाविद्यालय द्वारा आयोजित किसी भी प्रतियोगिता में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन देकर नाम रोशन करने वाली यहां अध्ययनरत छात्राओं ने मेहंदी प्रतियोगिता में भी अपने हाथों में एक से बढ़कर एक मेहंदी डिजाइन बनाकर दिखा दिया की इसमें भी उनसे आगे कोई नहीं है। इस प्रतियोगिता में कालेज की छात्रा अनुष्का सिंह बीए द्वितीय वर्ष ने शानदार मेहंदी लगाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### अनेक उत्साही छात्राओं ने लिया हिस्सा

महाविद्यालय में स्नेह सम्मेलन 2024-25 के अंतर्गत मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डॉ.मनोज श्रीवास्तव एवं प्रभारी डॉ.नीता तिवारी के संरक्षण में किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।निर्णायक मंडल मेंअर्थशास्त्र विभाग़ से डॉ. गीता पांडे, बॉटनी विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ अंजलि मांडवी तथा भूगोल विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ अर्चना नामदेव रही।इस प्रतियोगिता की संयोजक भौतिक शास्त्र विभाग से डॉ. पूजा चौकसे एवं बॉटनी विभाग से डॉ.अंजु कठेल ने अहम योगदान दिया। साथ ही महाविद्यालय के समस्त सदस्यों का योगदान रहा। मेहंदी प्रतियोगिता के प्रतिभागी छात्राओं में द्वितीय स्थान पर कीर्ति कुर्मी द्वितीय वर्ष एवं तृतीय स्थान पर जानकी विश्वकर्मा द्वितीय वर्ष रही।




# जियोमिन इंडस्ट्रीज ने किया स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**सिहोरा।** जियोमिन इंडस्ट्रीज प्रा.लिमिटेड गोसलपुर ने कर्मचारियों के लिए दो दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन फैक्ट्री में किया गया जिसका उद्देश्य कार्यबल के बीच स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देना है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत मध्य प्रदेश सरकार द्वारा टी बी के उपचार एवं रोकथाम हेतु 100 दिवसीय परीक्षण और सामान्य चिकित्सा का कार्यक्रम किया गया जिसमे कि इन बीमारियों की शिविर में हुई जांच और जियोमिन स्वास्थ्य क्लिनिक के सहयोग से कर्मचारियों को एक्सरे चेस्ट और बाल्गम का जाँच की गई ।

इसमें परामर्श सहित कई स्वास्थ्य जांच की गयी। जियोमिन के प्रबंधन दिनेश सिंह ने कहा कि हम अपने कर्मचारियों की भलाई को प्राथमिकता देते हैं। विकासखंड सिहोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रमुख चिकित्सक डॉ. मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अर्शिया खान के द्वारा और अपने प्लांट के डॉक्टर मणिकांत ने कहा कि इस नेक प्रयास में जियोमिन के साथ साझेदारी करना खुशी की बात थी। शिविर में डॉ.संजय मिश्रा मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी,डॉ. संतोष ठाकुर जिला क्षय अधिकारी, मनोज गुप्ता वरिष्ठ उपचार परिवेक्षक एन.टी.ई. पी,देवन्द्र राजपूत स्पुटम कलेक्सन एजेंट,प्रयास मिश्रा,खातिब अंसारी,श्रीमती मुक्ति लता टोपो रेडियोग्राफर का सराहनीय योगदान रहा। जियोमिन के गोसलपुर हेड एचआर अमित ठाकुर के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

**श्री राम नरेश उरमलिया-** आनंद कुंज गढ़ा निवासी श्री राम नरेश उरमलिया (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नितिन कोरी-** छुई मोहल्ला बेलबाग निवासी श्री कैलाश कोरी के पुत्र श्री नितिन कोरी (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी देवी रावत-** सैनिक सोसायटी शक्तिनगर निवासी श्री जीएस रावत की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी देवी रावत (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजकुमार-** रिछाई मड़ई निवासी श्री राजकुमार (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती हीरा बाई यादव-** बागड़ी मोहल्ला सदर निवासी श्री रामचंद्र यादव की धर्मपत्नी श्रीमती हीरा बाई यादव (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री रेवा पटेल-** लक्ष्मी गार्डन के पास अधारताल निवासी श्री रेवा पटेल (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम




में संपन्न हुआ।

**श्री अन्नी लाल चौधरी-** आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री अन्नी लाल चौधरी (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री शिव नारायण प्रजापति-** संजय नगर अधारताल निवासी श्री शिव नारायण प्रजापति (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. दीक्षा पासी-** संजय नगर सदर निवासी श्री किशन लाल पासी की पुत्री कु. दीक्षा पासी (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती मेनकी पिल्ले-** मोतीराम कम्पाउंड सदर निवासी श्री दशरथ पिल्ले की धर्मपत्नी श्रीमती मेनकी पिल्ले (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कल्लू बेन-** गली नं. 19, सदर निवासी श्री कुंदन बेन के पुत्र श्री कल्लू बेन (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती कीर्ति ठाकुर-** जूड़ी तलैया गलगला निवासी श्री सचिन ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती कीर्ति ठाकुर (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# भोपाल में जीआईएस में होगी प्रवासी समिट, 15 से ज़्यादा देशों से 500 प्रतिनिधि होंगे शामिल

## यूके, दुबई, हांगकांग, सिंगापुर और जापान से बड़े प्रतिनिधि मंडल आएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भोपाल में पहली बार आयोजित होने जा रहे "इन्वेस्ट मप्र-ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025" में पहली बार प्रवासी मप्र समिट का भव्य आयोजन 25 फरवरी 2025 को किया जाएगा। इस वैश्विक मंच पर मप्र के प्रवासी उद्योगपतियों और निवेशकों की विशेष भागीदारी होगी। इस सम्मेलन में दुनिया भर के प्रवासियों 'फ्रेंडस ऑफ एमपी' समूह के सदस्य शामिल होंगे।




### प्रवासी भारतीयों को अपनी जड़ों से जोड़ने का मौका

इसमें 15 से अधिक देशों से मप्र के 500 से अधिक प्रवासी भारतीय प्रतिनिधि भाग लेंगे, जिनमें यूके, दुबई, हांगकांग, सिंगापुर और जापान जैसे देशों से महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडल शामिल होंगे। प्रवासी मप्र समिट-2025 न केवल प्रदेश में निवेश और आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा, बल्कि प्रवासी भारतीयों को अपनी जड़ों से जोड़ने का एक सुनहरा अवसर भी प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में यह आयोजन मप्र को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान दिलाने में सहायक होगा।

### प्रवासी भारतीय से प्रदेश में निवेश का आह्वान

इस ऐतिहासिक आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का प्रमुख संबोधन होगा, जिसमें वे प्रवासी भारतीयों को प्रदेश के विकास में योगदान देने और निवेश के नए अवसरों का लाभ उठाने का आह्वान करेंगे। वे प्रदेश की औद्योगिक, सांस्कृतिक और आर्थिक प्रगति की रूपरेखा प्रस्तुत करेंगे और प्रवासी भारतीयों को अपनी जड़ों से जुड़ने के लिए आमंत्रित करेंगे। कार्यक्रम में प्रवासी भारतीयों को मप्र में निवेश और व्यावसायिक अवसरों से अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ. जगत शाह संस्थापक मेंटर ऑन रोड की ओर से अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार से उद्यमिता को बढ़ावा देने पर चर्चा की जाएगी। प्रमुख सचिव प्रवासी भारतीय संदीप यादव प्रवासी भारतीय सम्मेलन की भूमिका और महत्व को रेखांकित करेंगे।

### विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय चैप्टर के प्रमुख अपने विचार साझा करेंगे

कार्यक्रम में फ्रेंड्स ऑफ़ एमपी के विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय चैप्टर के प्रमुख अपने विचार साझा करेंगे। इनमें सुश्री लीना वैद्य, चेयर पर्सन फ्रेंड्स ऑफ़ एमपी, अबूधाबी चैप्टर, प्रमित मकोड़े चेयरमैन फ्रेंड्स ऑफ़ एमपी बॉस्टन चैप्टर, रोहित दीक्षित चेयरमैन फ्रेंड्स ऑफ एमपी यूके चैप्टर, सुश्री प्रेरणा भारद्वाज मेयर, जेराल्ड क्रॉस लंदन यूके और लार्ड रेमी रेंजर, हाउस ऑफ़ लॉर्ड्स (यूके) जैसे प्रतिष्ठित प्रवासी भारतीय इस आयोजन में अपना विचार रखेंगे। कार्यक्रम में एक विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति भी होगी, जिसमें मप्र की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक परम्पराओं को दर्शाया जाएगा।

### खबर संक्षेप

#### पूर्व आईएफएस बेलवाल के खिलाफ ईओडब्ल्यू में प्राथमिकी दर्ज

**भोपाल।** पूर्व आईएफएस और आजीविका मिशन के सीईओ रहे ललित मोहन वेलवाल के खिलाफ वैधानिक नियुक्तियां सहित अन्य मामले में ईओडब्लयू ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। भोपाल की सीजेएम कोर्ट ने भी इस सम्बन्ध में दिशा निर्देश दिए थे। पूरा मामला यह है कि कुमार मिश्रा, निवासी-भोपाल द्वारा ईओडब्ल्यू में अवैधानिक नियुक्तियों के संबंध मेंशिकायत कि गई थी। शिकायतकर्ता राजेश कुमार मिश्रा द्वारा आरोपों के समर्थन में प्रस्तुत नेहा मारव्या तत्कालीन अपर सीईओ मप्र राज्य रोजगार गारंटी परिषद की विस्तृत जांच रिपोर्ट के आधार पर ईओडब्ल्यू ने आरोपों को सही पाया। इसी पर प्रारंभिक जांच पंजीबद्ध की गई। श्री बेलवाल द्वारा सचिव मप्र शासन पंचायत एवं ग्रामीण विभाग के निर्देशों को दर-किनार कर एवं संबंधित नस्तियों में छेड़छाड़, विभागीय मंत्री की आपत्तियों को भी नजरअंदाज करते हुए यह नियुक्तियां की गई। वहीं आरोप है कि उन्होंने बिना अर्हता सुषमा रानी शुक्ला एवं उनके परिवार के सदस्यों देवेंद्र मिश्रा, अंजु शुक्ला, मुकेश गौतम, ओमकार शुक्ला एवं आकांक्षा पाण्डे की नियुक्तयां मिशन के विभिन्न पदों पर की गई।

#### आईएमपीसीसी व खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग की बैठक का आयोजन

**भोपाल।** अंतर माध्यम प्रचार समन्वय समित की फरवरी माह की बैठक सोमवार को खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग में आयोजित की गई। आईएमपीसीसी के अध्यक्ष और पीआईबी के अपर महानिदेशक प्रशांत पाठराबे ने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ के लिए पीआईबी ने भोपाल और रायपुर के पत्रकारों के लिए एक प्रेस टूर का आयोजन 14 से 16 फरवरी तक किया गया।

### मुख्यमंत्री ने मुरैना में भारत रत्न स्व. वाजपेयी की प्रतिमा का किया अनावरण

# अटल जी की सरलता, विनम्रता और उनके जीवन मूल्य हमें आज भी जीना सिखाते हैं

- मुरैना शहर की सीमावर्ती 13 ग्राम पंचायतों के विकास के लिए मिलेंगे 20 करोड़ रुपए
- मुरैना सिटी में 10 करोड़ रुपए से होंगे विद्युत संबंधी कार्य, मुरैना में बनेगा बोट क्लब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा के अनावरण के साथ ही मुरैना में नया इतिहास लिखा गया है। स्व. वाजपेयी राजनीति के मर्मज्ञ थे। वे सदैव सच्चाई के लिए जिए। वे पूरे भारत को अपना परिवार मानने वाले विराट हृदय व्यक्तित्व थे। स्व. वाजपेयी लोकतांत्रिक परम्पराओं का पालन करने वाले कालजयी महापुरूष थे। उनकी सहजता, सरलता, विन्रमता और उनके जीवन मूल्य हमें आज भी जीना सिखाते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मुरैना में अटल जी की प्रतिमा अनावरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह को नहीं देखा, पर अटल जी को करीब से देखा है। उन्हें शत-शत नमन है। देश को लोकतंत्र का एक नायक अटल जी के रूप में मिला। कोई नेता पक्ष में हो या विपक्ष में, एक जैसी भाषा बोले, ये हमने अटल जी के व्यक्तित्व में ही देखा है। उन्होंने कहा कि अटल जी ने पोखरण में परमाणु परीक्षण कर दुनिया में देश का गौरव बढ़ाया था। उन्होंने 50 साल तक विपक्ष में बैठकर लोकतंत्र और संसदीय परम्पराओं को सशक्त करने का अभूतपूर्व कार्य किया।

#### वाजपेयी के योगदान को हम कभी नहीं भूलेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी ने अपनी कविता में कहा था कि क्या हार में, क्या जीत में, किंचित नहीं भयभीत मैं, संघर्ष पथ पर जो भी मिला, ये भी सही और वो भी सही। स्व. वाजपेयी के योगदान को हमारा देश कभी नहीं भूल पाएगा। पावर्ती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) और केन-बेतवा (केबी) नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना उन्हीं की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। उनकी सोच को हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्रियान्वित किया है। इसके लिए हम प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में हमने 70 हजार करोड़ रुपए की नदी जोड़ो परियोजना से मप्र में जल संग्रहण का एक नया अभियान शुरू किया है।

#### विकास कार्यों के लिए 20 करोड़

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्थानीय जन-प्रतिनिधियों की मांग पर मुरैना नगर निगम की सीमा क्षेत्र से लगी 13 ग्राम पंचायतों के सभी गांवों में जरूरी विकास कार्यों के लिए 20 करोड़ रुपए और मुरैना शहर में इलेक्ट्रिसिटी पोल शिफ्टिंग कार्य के लिए 10 करोड़ रूपए विकास राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मुरैना शहर में बोट क्लब के साथ जहां जरूरी हैं, वहां सड़कें भी बनाई जाएंगी।

#### सीएम के मुरैना आगमन से लगेंगे चार चांदः तोमर

विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मुरैना आगमन यहां के विकास में चार चांद लगाएगा। स्व. वाजपेयी की प्रतिमा जनसेवा में लगे स्थानीय युवाओं को प्रेरणा देगी। वे हमेशा कहा करते थे कि सत्ता पाना नहीं, वरन शक्तिशाली, समृद्ध, समर्थ और विकसित भारत का निर्माण ही हमारी मंजिल होना चाहिए। ऐसा भारत जिसमें समरसता हो।

### सीएम ने बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर के साथ धाम में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुंदेलखंड को फीनिक्स के पक्षी की तरह राख से निकलकर जीवित होने वाला बताया। उन्होंने कहा कि यहां के वीर योद्धाओं को उनकी वीरता और अद्वितीय पराक्रम के लिये सदैव याद किया जाएगा। बुंदेलखंड के गौरवशाली व्यक्तित्व जैसे आल्हा उदल, महाराजा छत्रसाल जैसे लोगों से बुंदेलखंड गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खजुराहो के महाराजा छत्रसाल कन्वेंसन सेंटर में बागेश्वर धाम में राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संभावित आगमन के मद्देनजर तैयारियों की समीक्षा में यह बाते कहीं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम पूर्ण गरिमामय होना चाहिए इसमें किसी भी प्रकार की कोई कोर कसर नहीं रखी जायें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहां पर पहली नदी जोड़ो परियोजना, पहला अंतरर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा एवं पहला फाइव स्टार होटल इसी बुंदेलखंड की धरती पर स्थापित हुआ। प्रधानमंत्री श्री मोदी स्वयं कैंसर हॉस्पिटल के भूमि पूजन हेतु पधार रहे हैं। यह एक ऐतिहासिक पल होगा।

### श्री कराह धाम आश्रम की हजारों गौ-माताओं से समूचे ब्रह्मांड की होती है अनुभूति

- मुख्यमंत्री ने मुरैना के श्री कराह धाम आश्रम पहुँचकर गुरू गादी को किया नमन



सीएम डॉ. यादव ने सोमवार को मुरैना के श्री कराह धाम आश्रम पहुंचकर अनन्त श्री गुरुदेव पटिया वाले बाबा के दर्शन के साथ पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने श्री कारह धाम आश्रम की गौशाला में गौ-माता का पूजन भी किया। सीएम ने कहा कि गौ-माता में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास माना गया है। आश्रम की गौ-शाला में 7500 से अधिक गौ-माताएं हैं। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना, खजुराहो सांसद वी.डी. शर्मा, मुरैना-श्योपुर के सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, सबलगढ़ विधायक सरला रावत, पूर्व विधायक रघुराज सिंह कंषाना सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# स्थानीय निकाय अपने अधिकारों और शक्तियों से करें जन-कल्याण के कार्य

- विकास के साथ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें स्थानीय निकाय
- मुख्यमंत्री, ऑल इंडिया कौंसिल ऑफ़ मेयर्स की बैठक में वर्चुअली हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में स्थानीय निकायों को अधिकार संपन्न बनाया गया है। नगरीय निकाय और अन्य स्थानीय निकाय अपने अधिकारों और शक्तियों का उपयोग करते हुए जन-कल्याण के कार्य बेहतर रूप से कर रहे है। हाल ही मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान की सफलता इस बात का बेहतर उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरीय निकाय राज्य सरकार की भावना को और अधिक मजबूती प्रदान करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को ग्वालियर से इंदौर में आयोजित ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स मप्र इकाई की बैठक को वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। ग्वालियर मे उन्होंने कहा कि प्रदेश के नगर निगमों ने विकास कार्यों के क्षेत्र में देश में अपनी विशिष्ट पहचान कायम की है। प्रदेश के शहरी क्षेत्र में तेज गति से समग्र विकास के कार्य किए जा रहे हैं। इंदौर नगर निगम ने स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई है।

#### नगरीय निकाय विकास प्राधिकरणों की तर्ज पर आवासीय योजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर 7 वर्षों से स्वच्छता के क्षेत्र में देश में लगातार अव्वल है। इस बार भी इंदौर स्वच्छता के क्षेत्र में अव्वल रहने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहा है। इंदौर ने प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। नगरीय निकाय आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बने यह सब मिलकर प्रयास करें, आय के स्रोत बढ़ाएं। नगरीय निकाय आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होंगे तो विकास को और नई गति दी जा सकेगी। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय विकास प्राधिकरणों की तर्ज पर आवासीय योजनाएं भी बनाकर क्रियान्वित कर सकती हैं।

#### स्थानीय निकाय आत्मनिर्भर बनने के प्रयास

नगरीय आवास एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि संविधान के 73 एवं 74वें संशोधन के बाद सबसे ज्यादा अधिकार मप्र के स्थानीय निकायों को दिए गए हैं। हमारा प्रयास है कि स्थानीय शासन व्यवस्था और अधिक विकेंद्रीकृत हो। उनको ज्यादा से ज्यादा अधिकार मिले। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय आत्मनिर्भर बनने के प्रयास करें। करारोपण की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएं, आय के नए साधन भी खोजें। इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। इंदौर तेज गति से विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर एवं सांसद वीडी.शर्मा भी वर्चुअली शामिल हुए। कार्यक्रम में नगरीय आवास एवं विकास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, ऑल इंडिया कौंसिल ऑफ़ मेयर्स की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती माधुरी पटेल, इंदौर सांसद शंकर लालवानी और राज्यसभा सदस्य कविता पाटीदार, पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### पिछले चार सालों से चल रहा था फरार, सुपेला पुलिस ने पकड़ा

## निवेश के नाम पर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

सुपेला पुलिस ने चार साल से फरार चल रहे करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी के आरोपी को जयपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने शेयर बाजार में निवेश के नाम पर यह धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दिया था। पीड़ित ने इसकी रिपोर्ट सुपेला थाने में दर्ज कराई थी।

उस रिपोर्ट के आधार पर दुर्ग पुलिस ने आरोपी को जयपुर मानसरोवर कॉलोनी से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज की है। भिलाई नगर के सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि आठ जून 2020 को पीड़ित प्रणय कुमार गांगुली ने सुपेला थाने में शिकायत दर्ज की थी। उसने वह शेयर को लेकर पत्राचार करता था। इस बीच वह कानपुर से आकर भिलाई में रहने लगा। जिसके बाद इस समय अवधि में पत्र नहीं मिल सका। जिसका फायदा उठाकर आरोपी बिमल शाह ने कूटरचित दस्तावेज तैयार किए। उसके बाद उसने 70 लाख रुपये के शेयर, जिसकी वर्तमान कीमत 2 करोड़ 75 लाख रुपए को खरीदना बताकर उसे ट्रांसफर के लिए प्रकरण पेश किया। आरोपी पीड़ित का परिचित था। जिसका उसने फायदा उठाया था। शेयर को ट्रांसफर कर ठगी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को जयपुर से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### बलरामपुर के शंकरगढ़ विकासखंड में संचालित पहाड़ी कोरवा हॉस्टल का मामला

# आपत्तिजनक हालत में पकड़ाए अधीक्षक और शिक्षिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर



छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले से होश उड़ा देने वाला एक मामला सामने आया है। यहां शंकरगढ़ विकासखंड में संचालित पहाड़ी कोरवा हास्टल में एक महिला टीचर और अधीक्षक आपत्तिजनक हालत में मिले हैं। हॉस्टल अधीक्षक रंजीत कुमार को रात के समय महिला टीचर के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ा गया है।

**ग्रामीणों को जानकारी हुई तो उन्होंने होस्टल को घेर लिया और पुलिस को सूचना दी**

महिला टीचर के हॉस्टल में आने की जानकारी जैसे ही ग्रामीणों को हुई तो ग्रामीणों ने हॉस्टल को घेर लिया और प्रशासन को इसकी सूचना दी। ग्रामीणों की सूचना पर शंकरगढ़ एसडीएम आनंद राम नेताम और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने हॉस्टल की तलाशी ली तो अधीक्षक एक महिला टीचर के साथ आपत्तिजनक हालत में एक कमरे में था।

ग्रामीणों का आरोप है कि हॉस्टल अधीक्षक लंबे समय से महिला टीचर को आश्रम में बुलाता था और पूरी रात उसके साथ बिताता था। इससे पहले भी इस तरह की घटनाओं की चर्चा होती रही थी, लेकिन ग्रामीणों को जब ठोस सबूत मिला, तो उन्होंने रंगे हाथों उसे घेर लिया। जब प्रशासन ने अधीक्षक रंजीत कुमार से पूछताछ की, तो उसने बताया कि उसने महिला शिक्षिका से कोर्ट मैरिज कर ली है। हालांकि जांच में पता चला कि रंजीत पहले से शादीशुदा है और उसके दो बच्चे भी हैं। वहीं, महिला शिक्षिका अविवाहित थी। दोनों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। शिक्षिका को निलंबित कर दिया गया है। प्रभारी अधीक्षक को हटाकर बतौर शिक्षक कार्य करने जाने के लिए भेज दिया गया है।

#### आचरण सही नहीं होने पर शिक्षिका को किया निलंबित

*जब टीम मौके पर पहुंची तो दोनों आपत्तिजनक हालत में थे। जिसके बाद दोनों कंबल ओढ़कर बाहर आए। बचाव में दोनों ने कई तर्क दिए लेकिन कोई ठोस सबूत नहीं मिला। शिक्षिका के आचरण को गलत मानते हुए उसे निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच करने पहुंचे एसडीएम ने बताया कि महिला टीचर के आचरण सही नहीं था जिस कारण से उसे निलंबित किया गया है। दोनों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।*

### मरवाही थाना क्षेत्र के बघररा गांव के मटियाटोला का मामला, रोज-रोज होता था दोनों में विवाद

# पति करता था चरित्र शंका, पत्नी ने कर दी हत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला पेंड्रा मरवाही

मरवाही थाना क्षेत्र में टंगिया से हमला कर पत्नी ने पति की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि चरित्र शंका को लेकर पति आए दिन पत्नी से विवाद करता था।

इसी से परेशान होकर महिला ने यह कदम उठाया है। हत्या करने के बाद महिला ने खुद ही अपने बेटे को पूरी जानकारी दी। इसके बाद थाने पहुंचकर खुद को पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार, मरवाही थाना क्षेत्र के बघररा गांव के मटियाटोला में रहने वाले घोरे लाल पूरी और उसकी पत्नी वेदकुंवर पूरी का आए दिन विवाद होता रहता था। पति घोरे लाल हमेशा पत्नी वेदकुंवर पर उसके चरित्र को लेकर शंका करता था। घटना के दिन घर के पास रहने वाले घनी राम के घर छठी का कार्यक्रम हो रहा था। दोनों पति-पत्नी शामिल हुए और वापस अपने घर आ गए। इसके बाद पति घोरे लाल और पत्नी वेदकुंवर का फिर एक बार जमकर विवाद हुआ। धनीराम के घर आए मेहमानों के साथ पत्नी वेदकुंवर के संबंध होने को लेकर घोरे लाल शक करने लगा। कुछ देर हुए विवाद के बाद पति घोरे लाल घर में सो गया। इसी दौरान नाराज पत्नी ने घर में रखे टांगिया से पति घोरेलाल के गले में दो बार वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई।

#### आरोपी महिला खुद पहुंची मरवाही थाने

पति को मारकर पत्नी घर के सामने जाकर रो रही थी। उसका बेटा राजकुमार जब घर पहुंचा तो मां ने घटना की जानकारी दी। बेटे ने घर के अंदर जाकर देखा तो पिता घोरे लाल मृत अवस्था मे पड़ा हुआ था। इसके बाद बेटे ने पूरी घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी और मां को लेकर मरवाही थाने पहुंचा। थाने में आरोपी पत्नी ने पति घोरेलाल की हत्या किए जाने का जुर्म कबूल कर लिया गया। फिलहाल मरवाही पुलिस आरोपी महिला को गिरफ्तार कर पूरे मामले की तफ्तीश में जुट गई है। पुलिस अधिकारी की मानें तो चरित्र शंका से परेशान होकर पत्नी ने घर में सो रहे पति की हत्या की। आए दिन पति के द्वारा चरित्र शंका से पत्नी परेशान थी। पति किसी से बात नहीं करने देता था, जिससे परेशान होकर यह कदम उठाया और खुद ही थाने आकर इसकी सूचना दी। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश : अतिथि शिक्षक भर्ती नियम की धारा-10.4 के क्रियान्वयन पर भी रोक

# हाई कोर्ट ने अतिथि विद्वानों के लिए पीएचडी की अनिवार्यता पर लगाई रोक

### -अपने आदेश में यह भी कहा- पुरानी भर्तियों पर नए नियम लागू नहीं हो सकते

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश के जरिए अतिथि शिक्षकों के लिए पीएचडी की अनिवार्यता पर रोक लगा दी है। यही नहीं अतिथि शिक्षक भर्ती नियम की धारा-10.4 के क्रियान्वयन पर भी रोक लगा दी है। कोर्ट ने यह भी साफ किया है कि पुरानी भर्तियों पर नए नियम लागू नहीं हो सकते। हाई कोर्ट के इस अंतरिम आदेश से मध्यप्रदेश के महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में कार्यरत सैकड़ों अतिथि विद्वानों को बड़ी राहत मिली है।

दरअसल, राज्य शासन ने असिस्टेंट प्राफेसरों के लिए जारी नियम अतिथि विद्वानों पर भी लागू कर दिए थे। इस रवैये को याचिका के जरिए हाई कोर्ट में चुनौती दी गई। याचिकाकर्ता अतिथि विद्वान प्रियंका उपाध्याय व पुष्पा चतुर्वेदी सहित 13 की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा



23 अक्टूबर, 2023 को अतिथि विद्वानों की नियुक्ति के संबंध में नए दिशा-निर्देश की कंडिका के अंतर्गत जारी कर दिए थे। इसी को आधार बनाते हुए यचिकाकर्ताओं ने हाई कोर्ट में चुनौती दी है।

याचिकाकर्ताओं का कहना है कि एक ओर तो जो अतिथि विद्वान पूर्व से कार्यरत हैं, उन्हें यथावत रखा जाएगा, किंतु फालन आउट अतिथि विद्वानों को बगैर पीएचडी के निरंतर नहीं किया जाएगा। इसीलिए वर्ष 2023 के दिशा-निर्देश की कंडिका 10.4 अवैध और भेदभावपूर्ण है, क्योंकि आवेदकों की नियुक्ति यूजीसी द्वारा सहायक अध्यापकों के पद पर नियुक्ति हेतु पीएचडी की अनिवार्यता के पहले की है, इसलिए बगैर पीएचडी वाले अतिथि विद्वानों को रेगुलर न रखना न केवल उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति भेदभावपूर्ण है, बल्कि सर्वथा अनुचित भी है।

अधिवक्ता उपाध्याय ने दलील दी कि राज्य शासन ने कंडिका 10.4 के अंतर्गत यह निर्देश दिए थे कि कोई भी अतिथि विद्वान जो कि पीएचडी डिग्रीधारक नहीं है, उसे नियुक्ति नहीं दी जाएगी, और जो पहले से कार्यरत है, उन्हें सिर्फ वेतन या भत्ता का पात्रता रहेगी, अन्य लाभ जैसे कि सीनियरटी, अनुभव प्रमाण पत्र, आयु सीमा में छूट नहीं दी जाएगी। राज्य शासन ने फालन आउट अतिथि विद्वानों को भी लाभ देने से मना कर दिया था। जिसका सीधा आशय यह है कि जो बीते 10 वर्षों से अतिथि विद्वान के रूप में कार्य कर रहा है, यदि उसके पास पीएचडी की उपाधि नहीं है तो आगे वह कार्य नहीं कर सकता है। इसके बाद दूसरे अतिथि विद्वान जो कि पीएचडी डिग्री वाले हैं, उन्हें नियुक्ति दी जाएगी। याचिकाकर्ता की और से दलील दी गई कि राज्य शासन का यह आदेश असंवैधानिक है, क्योंकि कोई भी नियम इस तरह एकदम से लागू नहीं किया जा सकता। जब आवेदकों की नियुक्ति हुई थी, उस समय पीएचडी की अनिवार्यता नहीं थी। नए नियमों में य पीएचडी की अनिवार्यता को लाया गया है, तो जो अतिथि विद्वान पहले से कार्य कर रहा है, उस पर ये लागू नहीं होता है। इसके बावजूद राज्य शासन अधिसूचना के जरिए परेशान कर रही है।

एक ओर जो अतिथि विद्वान अनवरत सेवा में है, और पीएचडी होल्डर नहीं है, उनको तो यथावत रखा जा रहा है, और दूसरा ओर वे जो कि सेवा से बाहर हो गए हैं, नए सत्र में उन्हें अवसर न देते हुए सेवा वंचित किया जा रहा है। यह अनुभव की अवहेलना है। बहरहाल, हाई कोर्ट तर्क से सहमत होते हुए संशोधित नियम 10.4 के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी।

# केन्द्रीय आयुध डिपो ने राजस्थान होम गार्ड को 1050 एसएलआर राइफलें प्रदान की

**जबलपुर।** राइफल 7.62 मिमी सेल्फ लोडेड राइफल (एसएलआर) ने 3 दशकों से अधिक समय तक भारतीय सेना के लिए मुख्य हथियार का पदभार संभाला था। इंसास 5.56 मिमी राइफल के आगमन ने इस प्रसिद्ध हथियार को सक्रिय सेवा के उपयोग से वापस ले लिया। जबलपुर में केंद्रीय आयुध डिपो (सीओडी) ने विभिन्न पुलिस सेवाओं के शस्त्रागार को मजबूत करने के लिए बचाए जाने योग्य सेल्फ लोडिंग राइफल्स (एसएलआर) की पहचान और नवीनीकरण के लिए कठोर प्रयास किया है। अब तक पांच राज्य पुलिस को एसएलआर जारी करने के बाद, इस डिपो ने राजस्थान होम गार्ड को 1050 राइफल एसएलआर जारी करके परंपरा को जारी रखा है।



यह रणनीतिक कदम न केवल लागत प्रभावी समाधान प्रदान करता है बल्कि उत्तरी राज्य में सुरक्षा तंत्र को भी महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाता है। सैन्य सूची के प्रबंधन और रखरखाव में अपनी विशेषज्ञता के लिए जाने जाने वाले सीओडी सावधानीपूर्वक निरीक्षण और नवीनीकरण प्रक्रियाओं को अपनाकर, डिपो का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि ये राइफलें पहाड़ी राज्य के कानून प्रवर्तकों द्वारा परिचालन उपयोग के लिए आवश्यक मानकों को पूरा करती हैं। यह संयुक्त प्रयास रक्षा प्रतिष्ठान और नागरिक अधिकारियों के बीच तालमेल का उदाहरण है, जो दर्शाता है कि रणनीतिक सहयोग से कैसे ठोस लाभ मिल सकते हैं। ऐसे समय में जब संसाधन अनुकूलन और रणनीतिक योजना सर्वोपरि है, केंद्रीय आयुध डिपो जबलपुर, राजस्थान होम गार्ड के अग्रिम पंक्ति के रक्षकों को मजबूत करने के लिए बचाए जा सकने वाले सैन्य परिसंपत्तियों का पुनः उपयोग करके एक उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत करता है।

# छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्मोत्सव आज

जबलपुर।

छत्रपति शिवाजी जी महाराज की 396 वी जन्मोत्सव के अवसर पर 19 फरवरी को क्षत्रिय मराठा समाज जबलपुर के तत्वावधान में छत्रपति शिवाजी जी महाराज प्रतिमा स्थल मदनमहल थाने के बाजू में प्रातः 9बजे से अभिषेक, पूजन आरती, माल्यार्पण, के पश्चात महाआरती कर मिष्ठान्न वितरण किया जायेगा। इसी प्रकार छत्रपति शिवाजी महाराज उद्यान विजय नगर आर बी माल के पीछे जबलपुर दोपहर 4 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम दीपोत्सव पुष्पाजंलि के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। उपस्थिति का आग्रह श्रीमती प्रतिभा भापकर पार्षद, प्रवीण



सालुंके, तरूण सोनोने, शिवाजी ढवले, शोभा ताई पवार, अनिल शिंदे, अभय सवडतकर, संतोष सोनोने, प्रतिभा जाधव, पिंकी, माया ताई सहित क्षत्रिय मराठा समाज जबलपुर ने किया है।

## मुख्यमंत्री का नगर आगमन आज

**जबलपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आज 19 फरवरी बुधवार को दोपहर लगभग 2 बजे नगर आगमन हो रहा है। मुख्यमंत्री डुमना से सीधे उमरिया पहुंचेंगे, जहां गौशाला निर्माण का भूमिपूजन करेंगे, इसके बाद वहां से रवाना होकर रांझी पहुंचेंगे। रांझी में अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम का लोकार्पण करेंगे। दोपहर 3.30 बजे गोरबाजार स्थित शहीद स्मारक प्रेक्षागृह में पहुंचेंगे, यहां पार्टी द्वारा आयोजित केंद्रीय बजट पर आयोजित संगोष्ठी में शामिल होंगे। स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री शाम को भोपाल रवाना होंगे।

# प्रशिक्षण होता है सेवाकाल की पूंजी

### जनरेटिंग कंपनी में प्रशिक्षु कार्यालय सहायकों को दिया गया प्रशिक्षण

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के नवनियुक्त कार्यालय सहायकों के सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन गत दिवस हुआ। इस अवसर मुख्य अतिथि पावर जनरेटिंग कंपनी के मुख्य अभियंता मानव संसाधन व प्रशासन दीपक कश्यप, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसके जैन, अधीक्षण अभियंता प्रशिक्षण डा. अशोक कुमार तिवारी, कार्मिक अधिकारी वर्तिका गुरबानी सहित प्रशिक्षु कार्यालय सहायक उपस्थित थे।मुख्य अभियंता मानव संसाधन व प्रशासन दीपक कश्यप ने प्रशिक्षु कार्यालय सहायकों को संबोधित



करते हुए कहा कि दो सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम उनके लिए सेवाकाल की पूंजी है। सैद्धांतिक व व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यालय सहायकों के लिए कार्यालयीन कार्य करते समय सदैव सहायक सिद्ध होगा। दीपक कश्यप ने नवनियुक्त कार्यालय सहायकों को शुभकामना देते हुए अपेक्षा की कि वे पावर जनरेटिंग कंपनी में कार्य करने के दौरान योग्यता व निष्ठा भाव का प्रदर्शन करेंगे। अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसके जैन ने कहा कि दो सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम गागर में सागर की तरह है।

नवनियुक्त कार्यालय सहायकों को दो सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में ऑफिस प्रबंधन, ऑफिस संचार, पत्र व नोट शीट लेखन, ड्राफ्टिंग, अकाउंट्स, स्थापना, स्टोर्स, ईआरपी व व्यक्तित्व विकास संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में वासुदेव गुरव, नेहा कंधारी, डा. अशोक कुमार तिवारी, खुशबू शर्मा, वर्तिका गुरबानी, अंकित बाजपेई, गोविन्द सिंह गौर, पीएक्स क्रिसलीन, अधिवक्ता निधि पांडे, लोकेश उपाध्याय, मनीषा झारिया, संतोष सदानी आदि अनुभवी व वरिष्ठ प्रशिक्षकों द्वारा गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया।



## नगर की कथक नृत्यांगनाएं खजुराहो में प्रस्तुति देंगी

**जबलपुर।** जबलपुर शहर की सुप्रसिद्ध नृत्यांगन श्रीमति नीलांगील कलंत्रे को खजुराहो में होने वालें वर्ल्ड रिकॉर्ड में प्रस्तुति देने के लिए संस्कृति मंत्रालय से निमंत्रण प्राप्त हुआ है। जिसमें उनकी संस्था की शिष्याएं भी कथक की प्रस्तुति में उनके साथ शामिल होगी, जिनके नाम डॉ नेहा जैन, राघवी नायडू, रिद्धिमा पाली, उदय पाल, इंद्रिका तिवारी, अनुराधा शर्मा, चंद्रमणि नायडू, सरगम गुप्ता, श्रीमति नीलांगी कलंत्रे को इस महोत्सव में आमंत्रित किया।



## जमीन अधिकरण के चक्कर में लटका लम्हेटापुल का काम

**जबलपुर।** लम्हेटाघाट सरस्वतीघाट पुल को लेकर मुख्यमंत्री पीडब्ल्यूडी मंत्री के नाम संभागीय कमिश्नर अभय वर्मा एवं कमिश्नर जबलपुर संभाग अभय वर्मा को 416 वा ज्ञापन सौंपा। नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा समिति भेड़ाघाट ने 416वां ज्ञापन सौंपा, जिसमें कहा गया है कि लम्हेटा घाट में जमीन अधिकरण न होने के कारण काम बंद हो गया। इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल अध्यक्ष डॉक्टर शिव शंकर पटेल पंडित मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान मनोज गुलाबबानी मोहित तिवारी आदि उपस्थित थे।

## हत्या के प्रयास पर सात वर्ष का कारावास

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश विपिन सिंह भदौरिया की अदालत ने हत्या के प्रयास के आरोपित मंडी मदार टेकरी निवासी बग्घा उर्फ हुसैन अंसारी का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ सात वर्ष के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक प्रमोद कुमार पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 18 अक्टूबर, 2023 को रात्रि साढ़े 12 से डेढ़ बजे के बीच आरोपित सार्वजनिक स्थल पर तलवार घुमा रहा था। वह गाली-गलौच कर रहा था। उसे रईस खान पर हमला बोल दिया। इस वजह से रईस को गंभीर चोटें आईं। उसे सही समय पर इलाज के लिए ले जाया गया। ऐसा न किया जाता तो उसकी जान जा सकती थी। चूंकि आरोप गंभीर है, अतः सजा सुनाई जाए।



## इन्द्रपुरी गोस्वामी सम्मानित

**जबलपुर।** राष्ट्रीय सेवा व सांस्कृतिक संगठन हम फ़ाउण्डेशन भारत की मध्यप्रदेश कौंसिल सभा जबलपुर के गीताधाम ग्वारीघाट में गत दिवस आयोजित की गई जिसमें हम फ़ाउण्डेशन की विभिन्न गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान के फलस्वरूप इन्द्रपुरी गोस्वामी ज़िला अध्यक्ष जबलपुर महानगर को श्रेष्ठतम कार्यकर्ता के रूप में सारस्वत सम्मान से सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में राष्ट्रीय संरक्षक डॉ विद्याधर मतेले राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. निशिकांत चौधरी , कार्यकारी अध्यक्ष डॉ शालीन ढीगरा, श्री मति रंजना साहू श्रीमती लीलावती पाल, रॉबर्ट मार्टिन ,नेहा दीघे ,संतोष दुबे ,आशुतोष तिवारी ,राजेन्द्र उपाध्याय राजेंद्र गढ़ेवाल , बी एस ठाकुर कविता ठगेले, अनीता कनोजिया , स्नेहलता सोनी सुमन गौतम आदि उपस्थित थे।

## भारतीय किसान संघ का अखिल भारतीय अधिवेशन 21 से गुजरात में

**जबलपुर।** भारतीय किसान संघ का 14वां अखिल भारतीय अधिवेशन गुजरात प्रदेश के पालनपुर में 21, 22 व 23 फरवरी को आयोजित हो रहा है। जिसमें देश भर के 600 से अधिक जिलों के भारतीय किसान संघ के जिला स्तर से लेकर प्रांत व प्रदेश स्तर के कार्यकर्ता शामिल होगें। उक्त आशय की जानकारी देते हुये भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने बताया कि गुजरात के पालनपुर में देश भर से लगभग चार हजार किसान प्रतिनिधि आ रहे है। जिनकी उपस्थिति में कृषि, किसान, संगठन के रचनात्मक, संगठनात्मक, आंदोलनात्मक विषयों पर चर्चा होगी।

## मानव सेवा संकल्प के साथ 6 दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप 20 से

**जबलपुर।** मप्र शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री और पूर्व विधायक विधानसभा क्षेत्र के विधायक लखन घनघोरिया के जन्मोत्सव पर मानव सेवा संकल्प के तहत 6 दिवसीय स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन 20 फरवरी गुरुवार से 25 फरवरी तक पूर्व क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में किया गया है। इन शिविरों में नाक, कान, गला, दंत रोग, नेत्र रोग, स्त्री रोग, हड्डी रोग, मेडीसिन विभाग के चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे और ईसीजी व रक्त संबंधित जांचे भी करेंगे। जन्मोत्सव के दिन 1 मार्च को नेत्र रोगियों का निःशुल्क ऑपरेशन और चश्मे व दवाईयों का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता कदीर सोनी एवं रमाकांत रावत ने यहां पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि पूर्व कॅबिनेट मंत्री, विधायक लखन घनघोरिया के जन्मोत्सव पर इस वर्ष भी स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। पिछले 14 वर्षों से इस तरह के शिविर लगाकर जनमानस की सेवा की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में अभी तक डेढ़ लाख लोग लाभान्वित हो चुके हैं। 20 फरवरी को सुब्बाशाह मैदान, 21 फरवरी को गाजीबाग बारातघर गोहलपुर, 22 फरवरी को भानतलैया स्कूल खेरमाई, 23 फरवरी को बीमा अस्पताल कांचघर, 24 फरवरी को सिंधी धर्मशाला गोपाल होटल और 28 फरवरी को पुत्री शाला बेलबाग, में मेगा स्वास्थ्य शिविर सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किए जायेंगे। वहीं शिविरों के समापन के पश्चात 1 मार्च जन्मोत्सव के दिन शिविर में परीक्षण किये गये हितग्राहियों को चश्मे वितरित किये जायेंगे। इस अवसर पर सतीश उपाध्याय, यतीश अग्रवाल, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, कल्लन गुप्ता, याकूब अंसारी, जतिन राज, संजय साहू, जय घनघोरिया, यश घनघोरिया आदि मौजूद रहे।

## स्वस्थ समाज के लिए स्वच्छता आवश्यकः डॉ पचौरी

**जबलपुर।** स्वस्थ समाज के लिए स्वच्छता आवश्यक है अतः आज हम सभी माँ नर्मदा के तट पर यह संकल्प लें कि न सिर्फ अपने आस-पास का वातावरण स्वच्छ रखेंगे बल्कि परिवार, समाज और महासभा के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उक्ताशय के संरक्षक डॉ. गिरीश पचौरी ने सर्वगौड़ ब्राह्मण महासभा के वार्षिक स्नेह मिलन सह वनभोज में व्यक्त किए। पारिवारिक समन्वय, परस्पर सहयोग की पावन भावना से ओतप्रोत परिवार मिलन समारोह में महासभा के समस्त सदस्यों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। माँ नर्मदा के आंचल में बसे नारायणपुर तिलवारा स्थित शुक्ला फॉर्म हाउस में आयोजित उक्त कार्यक्रम आनंद के कई अमिट स्मृति चित्र अंकित कर गया। आयोजन के पूर्व सभी परिवारजनों ने माँ नर्मदा के दर्शन-आचमन कर उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। इसके बाद सबसे पहले सांस्कृति कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें बेबी तृषिका शर्मा, शांभवी शर्मा, कुमुद शर्मा ने आपने भावपूर्व नृत्यों से सभी का मन मोह लिया। तृप्ति शर्मा और गौरी शर्मा का एकल नृत्य कार्यक्रम की शोभा बढ़ा गया। एडवोकेट नरेंद्र शर्मा ने राजस्थानी परिवेश में नृत्य प्रस्तुति और कांता सीठा की हसगुल्ले ने सबको गुदगुदाया। ऋतुराज बसंत की पावन बेला में बासंती परिवेश में सजी-धजी मातृ-शक्ति आयोजन की शोभा बढ़ा रहीं थीं।

## महासंत को विनयांजलि से किया नमन

जबलपुर।

राष्ट्रहित चिंतक परम उपकारी आचार्य विद्यासागर मुनि महाराज के प्रथम समाधि स्मृति दिवस पर जाप मंडल द्वारा 18 फरवरी मंगलवार को मुनि संभव सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में डी एन जैन कॉलेज ग्राउंड में एक विनयांजलि कार्यक्रम महासंत को नमन आयोजित किया गया है इस कार्यक्रम में प्रातः बेला में 36 महामंडलीय आचार्य छत्तीसी विधान आयोजित किया गया, जिसमें नगर के 36 श्रेष्ठ परिवारों द्वारा हर्षो उल्लास के साथ हजारों

# आचार्य छत्तीसी विधान का आयोजन



श्रावकों ने विधान में हिस्सा लिया। इस अवसर पर निःशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर व औषधि वितरण किया गया जिसमें लगभग साढे 500 मरीजों ने नाडी परीक्षण कराया सायं 7 बजे से विद्या पूर्ण ग्रुप द्वारा देश के विख्यात 45 नाट्य कलाकारों द्वारा आर्यिका श्री पूर्णमति माताजी की प्रेरणा से मंचित नाट्य आचार्य विद्यासागर महाराज के संपूर्ण जीवन का चित्रण नाटय मंचन में प्रस्तुत किया गया। आदिनाथ महिला परिषद, आदिनाथ बहू मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व दीप समर्पण 36 महाआरती से आचार्य श्री जी की आरती व अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर के सभी जनप्रतिनिधि, गणमान्य जन व आमंत्रित गणमान्य अथिति उपस्थित रहें। जाप मंडल जबलपुर द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी नागरिक जनों का आभार व्यक्त किया।

# डेयरी स्टेट में शीघ्र डेयरियों की शिफ्टिंग जरुरी

### नर्मदा जल में प्रदूषण बढ़ने की रिपोर्ट चिंताजनक

जबलपुर।

हाल ही में प्रदूषण नियंत्रण मंडल की रिपोर्ट से जबलपुर तथा मध्यप्रदेश की जीवन दायिनी नर्मदा नदी के जल में प्रदूषण बढ़ने को साफ संकेत मिले है। इसके पूर्व में 9 फरवरी को नगर निगम के जनप्रतिनिधियों ने भी गौर नदी के गोबर मिले पेयजल की सप्लाई से दूषित पानी पीकर लोग बीमार हो रहे हैं, यह शिकायत की थी। गौर, परियट तथा नर्मदा के किनारे स्थापति डेयरियों ने ऐसी गंभीर स्थिति पैदा कर दी है। अतः डेयरी स्टेट खम्हरिया में डेयरियों की शिफ्टिंग करने की बहुत ही जरुरत है। इससे जबलपुर शहर में स्थापित डेयरियों से भी नागरिकों को राहत मिलेगी तथा प्रदुषण एवं पर्यावरण की गंभीर समस्या से मुक्ति मिलेगी। इस संबंध में एक ज्ञापन नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच की ओर से नगर निगम महापौर, नेता प्रतिपक्ष तथा गौसवंर्धन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष स्वामी अखिलेश्वरानंद से चर्चा कर सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया है कि डेयरी स्टेट प्रोजेक्ट ग्राम खम्हरिया का उद्घाटन होने को अब तीन वर्ष पूरे हो चुके है, फिर भी वहां पर डेयरियों की शिफ्टिंग नहीं की गई है। शासन ने डेयरी स्टेट परियोजना में 35 पंजीकृत भूखंडधारियों को केवल नोटिस जारी किया है। परियट क्षेत्र के डेयरी वालों को तो नोटिस तक नहीं भेजा गया।

जनसंगठनों ने घोषणा की थी कि नर्मदा का प्रदूषण रोकने डेयरी स्टेट खम्हरिया में डेयरियों की शिफ्टिंग की कारवाई नहीं की गई तो सड़क आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ.पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, टीके रायघटक, डीके सिंह, सुभाष चंद्रा, सुशीला कनौजिया, संतोष श्रीवास्तव, हरजीवन विश्वकर्मा, एड. जीएस सोनकर, केसी सोनी, अशोक नामदेव, माया कुशवाहा, उमा दाहिया, डीआर लखेरा, राममिलन शर्मा आदि उपस्थित थे।

## केंद्रीय बजट पर मुख्यमंत्री और केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री करेंगे परिचर्चा आज

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा केंद्रीय बजट पर परिचर्चा विषय पर बजट संगोष्ठी का आयोजन कल बुधवार 19 फरवरी को दोपहर 3:30 बजे मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, मुख्य वक्ता केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, कार्यक्रम अध्यक्ष लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह की उपस्थिति में शहीद स्मारक प्रेक्षागृह गोलबाजार में किया गया है। बजट पर चर्चा विषय में आयोजित संगोष्ठी में विशिष्ठ अतिथि राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मिकी, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, सभी जनप्रतिनिधियों के साथ प्रबुद्धजन शामिल होंगे।

**नाम सुधार सूचना**

मैं कशिश बुधरानी उम्र लगभग 32 वर्ष पिता स्व. श्री मनोहर लाल मेलवानी निवासी म.नं.513, शांति नगर, गली नं. 14, राजीव गांधी वार्ड, जिला जबलपुर (म.प्र.) शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूँ कि :- यह कि मैं उक्त पते की स्थायी निवासी हूँ। मेरा आधार नं. 8374 02715071 एवं पासपोर्ट नं. U1552906 है। यह कि विवाह के पूर्व मेरा नाम नेहा मेलवानी पिता स्व. श्री मनोहर लाल मेलवानी निवासी - म.नं. 92, संत कवरराम वार्ड, खेबर लाईन, पुरानी कटनी म.प्र. है। मेरा विवाह श्री विनय कुमार बुधरानी पिता श्री राजकुमार बुधरानी निवासी म.नं.513, शांति नगर, गली नं. 14, राजीव गांधी वार्ड, जिला-जबलपुर (म.प्र.) के साथ दिनांक 17.01.2020 को संपन्न हुआ है। विवाह पश्चात मेरा नाम मेरे आधार कार्ड में कशिश बुधरानी दर्ज है। जो कि सत्य एवं सही है। यह कि मुझे वर्तमान में श्रीमती कशिश बुधरानी पति श्री विनय कुमार बुधरानी के नाम से जाना एवं पहचाना जावे। जिस वास्ते यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

दिनांक-17/02/2025 शपथकर्ता

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्र/1653/अ-6/2024-25
**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पान बाई गोटिया/ किशोरी लाल गोटिया नि.-2519 शारदा कालोनी निर्मल चंद जैन वार्ड ने नजूल ब्लाक नं.- प्लाट नं.- निर्मित रकवा/ रकवा 1125 व.फु./ अवि. हिस्सा- व.फु./ हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक- मृत्यु दिनांक-06/10/1995 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र- खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.- प्लाट नं. - निर्मित रकवा/ रकवा-1125 व.फु./ अवि. हिस्सा- व.फु.हे. / ग्राम -भड़पुरा प.ह.नं.-22 खसरा नं.-52/63/ख रकवा-1125 व.फु./ हे. रतोबाई जोजे किशोरी लाल गोटिया सा. कंचनपुर के नाम दर्ज है।

अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 24/02/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 27/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक-27/01/2025
पेशी दिनांक-24/02/2025
मुद्रा
तहसीलदार रांझी, जबलपुर

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY No. 15438837K, RANK- NK, NAME BONDAR INDRAJEET NANABHAU S/O LATE BONDAR NANABHAU OF UNIT MH, JABALPUR(M.P.),R/O 238, MU PO DEVDHANORA TA KALAMB, DEODHANORA, OSMANABAD, MAHARASHTRA 413507. I state that in my Wife, Aadhar card my Wife Name (BONDAR SONALI INDRAJEET) which is true and correct but in my Army service Record my Wife Name is recorded (BONDAR SONALI INDRAJIT) Which is incorrect. I state that the true and correct Name of my Wife is (BONDAR SONALI INDRAJEET) and same Name shall be corrected in my Army service Record.

CORRECT NAME
(BONDAR SONALI INDRAJEET)
INCORRECT NAME
(BONDAR SONALI INDRAJIT)

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY No. 15438837K, RANK- NK, NAME BONDAR INDRAJEET NANABHAU S/O LATE BONDAR NANABHAU OF UNIT MH, JABALPUR(M.P.), R/O 238, MU PO DEVDHANORA TA KALAMB, DEODHANORA, OSMANABAD, MAHARASHTRA 413507. I state that in my Mother, Aadhar card my Mother Name (CHHAYA NANABHAU BONDAR) which is true and correct but in my Army service Record my Mother Name is recorded (CHAYA) Which is incorrect. I state that the true and correct Name of my Mother, is (CHHAYA NANABHAU BONDAR) and same Name shall be corrected in my Army service Record.

CORRECT NAME
(CHHAYA NANABHAU BONDAR)
INCORRECT NAME-(CHHAYA)